दैनिक भास्कर 24/02/2023

# कर्नल प्रेम सिंह ने जीएमएन कॉलेज के छात्रों को सेना भर्ती की दी जानकारी

**अम्बाला** | कैंट जीएमएन कॉलेज की एनसीसी की दोनों इकाइयों लड़के व लड़कियों द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत 2 हरियाणा एनसीसी बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी कर्नल प्रेम सिंह ने भारतीय सेना में भर्ती संबंधी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने एनसीसी कैडेट्स को भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एनसीसी ऑफिसर कैप्टन एसएस नैन व डॉ. अनुपमा सिहाग को बधाई दी। कर्नल प्रेम सिंह ने भारतीय सेना में प्रवेश पर भर्ती संबंधी अनेक तकनीकी व गैर तकनीकी योजनाओं का वर्णन किया गया। उनका कहना था कि सेना को व्यवसाय की अपेक्षा पैशन और उत्साह की तरह जॉइन करना चाहिए।